November, 1994. The claimant has the choice to file the case either with the MACT available at his normal place of residence or the MACT which has the jurisdiction over the place of accident. The claim is payable on the basis of 'no fault'. The claimant has the option to file a case in the MACT if the compensation as provided is not acceptable to him. Apart from this, the claimants can also get their cases expedited through Lok Adalats and by availing the Jald Rahat Yojana Scheme in case of non-fatal injuries, introduced at selected centres by the GIC in the year 1991. These measures will help in the speedy disposal of insurance claims of road accident victims.

**बैंकों में अनिवासी भारतीयों द्वारा जमा की गई राशि**

70. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान बड़ोदरा, सूरत, भरूच और पंचमहल जिलों के अनिवासी भारतीयों द्वारा सरकारी क्षेत्र के विभिन्न बैंकों में कुल कितनी राशि जमा की गई;

(ख) उक्त जिलों के अनिवासी भारतीयों द्वारा किन-किन बैंकों में सर्वाधिक राशि जमा की गई; और

(ग) क्या सरकार ने इन अनिवासी भारतीयों को निवेश करने हेतु एवं अधिक विदेशी मुद्रा को और अधिक बैंकों में जमा कराने हेतु प्रोत्साहन देने हेतु क्या-क्या आकर्षक योजनाएं तैयार की हैं ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति)**: (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**महालेखाकार के कार्यालय में विभिन्न खातों में जमा की गई राशि**

71. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान महालेखाकार कार्यालयों में सरकारी कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी राशि राज्यवार जमा हुई ;

(ख) कितनी राशि गुमशुदा लेखाओं के अन्तर्गत जमा की गई और कितनी राशि जमाकर्ताओं के खातों में जमा की गई ;

(ग) उक्त वर्षों में कितने जमाकर्ताओं को उनकी सेवा-निवृत्ति होने एवं सेवारत रहते मृत्यु होने पर अन्तिम रूप से सम्पूर्ण राशि भुगतान कर दी गई और कितनों को भुगतान किया जाना शेष है ; और

(घ) राज्य सरकार के कर्मचारियों की जमा राशि और अन्तिम भुगतान एवं गुमशुदा खातों में जमा राशि तथा गुमशुदा खातों की राशि को सही खातों में वर्षवार जमा की गई राशि का राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति)** : (क) से (घ) राज्य सरकारों के कर्मचारियों की सामान्य भविष्य निधि संबंधित राज्य सरकारों के लोक लेखा का एक हिस्सा होती है और यह राज्य के विषय की एक मद है। तथापि, सूचना एकत्र की जा रही है और उपलब्ध होते ही सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**Interim report of the Fifth Pay Commission**

72. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government have asked the Fifth Pay Commission to